## सार-समाचार

### जालोर एसडीएम ने पीएम श्री विद्यालय बागरा का मूल्यांकन व निरीक्षण किया

**जालोर, (जबरु)।** प्रदेश की समस्त पीएम श्री स्कूलों के 15 जलाई से 25 जुलाई के दरम्यान होने वाले निरीक्षण एवं मूल्यांकन कार्य को संपादित करने को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार स्टेट रिव्यूअर के रूप मे नामित किए गए जालोर के उपखंड अधिकारी मनोज कुमार ने शनिवार को पीएम श्री राजेंद्र सूरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागरा का सघन निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया। पीएम श्री विद्यालय बागरा के प्रधानाचार्य खीम सिंह राठौड ने बताया कि जालोर उपखंड अधिकारी ने स्थानीय पीएम श्री विद्यालय में राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप संचालित विविध गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपलब्धियों, नवाचारों एवं अन्य निर्धारित बिंदुओं का गुणात्मक एवं मात्रात्मक मूल्यांकन कर पीएम श्री पोर्टल पर सबमिट किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं, विज्ञान प्रयोगशाला , भूगोल की लैब, पुस्तकालय , स्मार्ट क्लासेज, संविधान क्लब, खेल मैदान, सहशैक्षिक गतिविधियों, स्किल डेवलेपमेंट, पाठयपुस्तक वितरण, बाल वाटिका, निःशुल्क यूनिफॉर्म, फर्नीचर, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, करियर गाइडेंस, शैक्षिक भ्रमण, स्टॉफ की स्थिति, प्रशिक्षण, उपस्थिति सहित विभिन्न गतिविधियों एवं बिंदुओं का एक एक कर गहनता से मूल्यांकन किया एवं वांछित सुधार हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने आज नो बैग डे के अवसर पर आयोजित की गई गतिविधियों को भी विस्तार से देखा। निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग से समन्वयन एवं प्रोटोकॉल व्यवस्थार्थ जालौर ब्लॉक के अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जबरसिंह देवडा साथ रहे। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी के निजी सहायक सुरेश कुमार, पीएम विद्यालय के प्रभारी डूंगर राम, व्याख्याता प्रेमपाल डाबी, कार्यालय कर्मी एवं पीएम श्री विद्यालय बागरा का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

### करोटी में खनन, ग्रामीणों ने पुलिस बुलाई

**रेवदर, (निसं)।** करोटी नदी में खनन से तंग आकर रात्रि में दर्जनों ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभाला और मौके पर पहुंचकर पुलिस बुलाकर कार्यवाही को अंजाम दिलाया। ग्रामीणों का आरोप है कि हाईकोर्ट ने नदी क्षेत्र में जुलाई अगस्त में खनन पर पाबंदी लगाई है इसके बावजूद रॉयल्टी ठेकेदारों की हनक के आगे अदालत के आदेश भी बौने साबित हो रहे हैं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों के अनुसार, नदी क्षेत्र में कई दिनों से रोक के बावजूद खनन जारी था जिस पर ग्रामीणों ने रात को मौके पर जाकर अवैध रूप से बजरी भर रहे ट्रैक्टर और डंपरों को रुकवाया एवं पुलिस को सूचना दी गयी जिस पर कार्यवाही करते हुए सीआई सीताराम पंवार ने मौके से डंफर और फॉकलैंड को जब्त कर थाना लाया गया। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस अवैध खनन पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई गई और इन माफियाओं खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### जोधपुर में योगासन चयन ट्रायल शुरू

**जोधपुर, (कासं) ।** योगासन जोधपुर के तत्वावधान में सातवीं जोधपुर जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता एवं राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का शनिवार को इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स जोधपुर में शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में जिलेभर से करीब 300 खिलाडिय़ों ने विभिन्न आयु वर्गों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी योगासन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योगासन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वरुण धनाडिया ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल एवं उद्योग राज्यमंत्री केके विश्नोई, भाजपा के शहर जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल तथा योगा दादी के नाम से प्रसिद्ध रूपा देवी बिश्नोई ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केके. विश्नोई ने कहा कि योगासन केवल एक खेल नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने खिलाडिय़ों को निरंतर अभ्यास और समर्पण के साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन नई प्रतिभाओं को आगे बढऩे का मंच प्रदान करते हैं और स्वस्थ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सचिव गजराज राज सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन आसोपा, इंस्टीट्ययूशन ऑफ इंजीनियर्स सेक्रेटरी मनमोहन अठावाल, किशोर सिंह सोलंकी, निलेश सोनी, अशोक गहलोत, सुभाष बिश्नोई व अन्य ने हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में विश्व एवं एशियन योगासन चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाडिय़ों की उपस्थिति भी रही।

### नर्सिंग कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा की

**जोधपुर, (कासं) ।** मथुरादास माथुर चिकित्सालय में व्याप्त नर्सिंग संबंधी समस्याओं एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं पर चर्चा के लिए राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर शहर की आम बैठक अध्यक्ष जगदीश जाट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारी, कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक, वार्ड प्रभारी एवं बड़ी संख्या में नर्सिंग अधिकारियों ने भाग लेकर अस्पताल में व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में प्रमुख रूप से प्रत्येक शिफ्ट में वार्डों में सफाई कर्मी, बाईजी, हेल्पर एवं सुरक्षा गार्ड की पर्याप्त उपलब्धता, प्रत्येक वार्ड में ऑनलाइन कार्यों के लिए कंप्यूटर की व्यवस्था, मरीजों की संख्या एवं बेड क्षमता के अनुरूप नर्सिंग स्टाफ का वैज्ञानिक रिलोकेशन, केयर टेकर की जिम्मेदारियों एवं जवाबदेही का निर्धारण, कार्यालयीन कार्यों का समयबद्ध निष्पादन, कर्मचारियों के लिए पार्किंग एवं क्रेच की सुविधा तथा कर्मचारियों के सम्मानजनक कार्य वातावरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी नर्सिंग अधिकारियों द्वारा इन समस्याओं को गंभीरता से उठाया गया, जिस पर अध्यक्ष जगदीश जाट एवं संगठन के पदाधिकारियों ने सभी सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित प्रशासन के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। बैठक का संचालन महासचिव बसंत रॉयल ने किया।

### युवती ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर, (कासं) ।** शहर के माता का थान क्षेत्र में रावत नगर में एक युवती ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया। दूसरी तरफ काम करते एक श्रमिक ऊपर से नीचे गिर गया। अस्पताल में उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने शवों को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया। माता का थान पुलिस ने बताया कि जयगुरू रावत नगर बोरीवला निवासी 34 साल की मधुलिका ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। उसके पिता राजकुमार ने मर्ग में रिपोर्ट दी है। दूसरी तरफ मध्यप्रदेश के विदिशा स्थित साडेर हाल माणकलाव क्षेत्र में काम करने वाला गोविंद पुत्र करण सिंह बंजारा एक फार्म हाउस पर काम करता था। वह काम करते हुए ऊपर से नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, मगर वहां उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। उसके भाई गणेशराम ने करवड़ थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी।

# जोगाराम ने वीरात्रा स्थित वांकल माता मंदिर में दर्शन किए

**बाड़मेर,(नि.सं.)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल शनिवार को एक दिवसीय बाड़मेर दौरे पर रहे। उन्होंने चौहटन के वीरात्रा स्थित वांकल माता मंदिर में विधिवत पूजा - अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। मंदिर ट्रस्ट द्वारा विधि मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार वर्ष 2047 तक विकसित राजस्थान बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भूमि अपने मंदिरों एवं आस्था स्थलों के लिए सम्पूर्ण देश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक अलग ही आकर्षण रखती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या, काशी विश्वनाथ और सोमनाथ को श्रद्धालुओं की आस्था के अनुरूप भव्य बनाकर देश में एक नये उत्साह का संचार किया है।

### वीरात्रा धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में होगा विकसित

पटेल ने कहा पश्चिमी राजस्थान की संस्कृति, विरासत, और लोक कला को विशिष्ट वैश्विक पहचान दिलाने के लिए जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर और जालोर में थार सांस्कृतिक सर्किट विकसित किया जाएगा।

उन्होंने कहा श्री वांकल धाम महातीर्थ वीरात्रा में रोप-वे निर्माण की डीपीआर का कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने कहा वीरात्रा को धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। विधि मंत्री ने कहा कि बाड़मेर के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा चौहटन विधानसभा क्षेत्र में जिला अस्पताल, नगरपालिका, 220 और 132 केवी के जीएसएस जैसे ऐतिहासिक विकास कार्य हमारी सरकार ने करवाये हैं।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि वीरात्रा माता की 18 हज़ार बीघा ओरण को संरक्षित करने वाले पूर्वजों को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि सिर सांठे रूंख रहे, तो भी सस्तो जाण" की भावना के अनुरूप सरकार खेजड़ी सहित वृक्षों के संरक्षण के लिए कानून बना रही हैं।

इस मौके पर चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने तीनों बजट में चौहटन को ऐतिहासिक सौगातें दी हैं। उन्होंने विधि मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चौहटन में अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायालय खोलकर सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों के लिए सुगम न्याय का मार्ग प्रशस्त किया है।

विधायक बाड़मेर डॉ. प्रियंका चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भगीरथी प्रयासों की बदौलत जल जीवन मिशन की समयावधि 2028 तक बढ़ाने का ऐतिहासिक काम हुआ है। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन की समयावधि बढ़ने से बाड़मेर के हर घर तक नल से जल पहुंचेगा। इस दौरान समाजसेवी अनंतराम विश्नोई, विरात्रा माता ट्रस्ट अध्यक्ष भेर सिंह, रूप सिंह, छोटू सिंह राठौड़, रावतराम बिंजारिया, श्रवण पटेल, गोविन्द टाक राकेश बिश्नोई सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग में अमीन, रज्जब व सलीम सह प्रभारी बने

**जालोर, (कासं) ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) ने संगठन को मजबूत और अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। जालोर जिले में अमीन मोयला को प्रभारी व रज्जब खोखर , सलीम मोयला को सह प्रभारी नियुक्त करने पर लोगो ने फूल मालाओ से स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. चोपदार ने संभागों एवं जिलों के लिए प्रभारी और सहप्रभारियों की नियुक्ति की है। इसी क्रम में जालोर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के प्रदेश महासचिव अमीन मोयला को बालोतरा का संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को जालोर जिले के लिए राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा जारी आदेश में एडवोकेट रज्जब खोखर को जोधपुर शहर का सह प्रभारी तथा सलीम मोयला को सिरोही जिले का सहप्रभारी भी नियुक्त किया गया है।

### अमर राजपुरोहित का जालोर में स्वागत हुआ

**जालोर, (कासं) ।**हिन्दू युवा संगठन संस्था जालोर ने धर्म जागरण जयपुर प्रांत प्रचारक अमर सिंह राजपुरोहित के संस्था कार्यालय आगमन पर संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी के नेतृत्व में साफा माल्यार्पण एवं दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

**सम्मन बनाम मुद्दायलाल बिनावर कायमी तनकीहात**
(आर्डर 5 रूल 1 व 5, जाब्ता दिवानी)
**अज अदालत सहायक कलेक्टर जालोर जिला जालोर**
बइजलास मनोज चौधरी R.A.S.
**मुद्दई पुखराज चौधरी मुद्दायलाह अशोक मेहता वगैरा**
दावा बाबत् बंटवाड़ा एवं स्थायी निषेधाज्ञा
राजस्व मूल मुकद्दमा नं./202606124200039

बनाम-अशोक मेहता पुत्र छगनलाल जाति जैन निवासी तपावास जालोर, तहसील व जिला जालोर, लालाराम पुत्र कैसा जाति रबारी निवासी इन्द्रानगर कॉलोनी, जालोर तहसील व जिला जालोर, आम्बा पुत्र रणछोडा जाति रबारी निवासी इन्द्रानगर कॉलोनी, जालोर तहसील व जिला जालोर, करना पुत्र रणछोडा जाति रबारी निवासी इन्द्रानगर कॉलोनी, जालोर तहसील व जिला जालोर, करमी पुत्र रणछोडा जाति रबारी निवासी इन्द्रानगर कॉलोनी, जालोर तहसील व जिला जालोर, कानाराम पुत्र जवानाराम, जाति रबारी निवासी इन्द्रानगर कॉलोनी, जालोर तहसील व जिला जालोर हरगाह कि वादी पुखराज चौधरी पुत्र जोईताजी ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत बंटवाडा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का दायर किया है, लिहाजा आपको बजरिये इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 20 माह 07 सन् 2026 को 10:00 बजे दिन के अदालत हाजा में असालतन मारफत ऐसे वकील के जो हालात मुकदमें से वाकिफ किया गया हो व कुल अमूर अहम मुताल्लिके का जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसे कोई शख्स हो जो ऐसे सवालात का जवाब दे सके, हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमये दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईद मे इस्तकबाल करना चाहते हो उस दिन पेश करों।
आगाह कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर नही हुए तो दावा आपकी गैर हाजरी मे सुना व फैसला किया जावेगा।
बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत मे आज तारीख 15 माह 07 सन् 2026 को जारी किया गया।

मोहर अदालत — आज्ञा से-रीडर
सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) जालोर

**सम्मन बनाम मुद्दायलाल बिनावर कायमी तनकीहात**
(आर्डर 5 रूल 1 व 5, जाब्ता दिवानी)
**अज अदालत सहायक कलेक्टर जालोर जिला जालोर**
बइजलास मनोज चौधरी R.A.S.
**मुद्दई राठौड मदनसिंह वगैरा मुद्दायलाह अन्तर कंवर वगैरा**
दावा बाबत् बंटवाडा एवं स्थायी निषेधाज्ञा
राजस्व मूल मुकद्दमा नं.-/20260212400005


बनाम-अन्तर कंवर पत्नि जवारसिंह, अर्जुनसिंह पुत्र तलसीकंवर पुत्री रावसिंह, एवन कंवर पत्नी जोगसिंह, चेतसिंह पुत्र बलवन्तसिंह, जयसिंह पुत्र रावत सिंह, जशोदाकंवर पत्नि रूपसिंह, जोगसिंह पुत्र जवारसिंह, फिलादेवी पुत्री रावसिंह, भंवरसिंह पुत्र मानसिंह, मंगलसिंह पुत्र रावत सिंह, मनाकंवर पुत्री तलसीकंवर पुत्री रावसिंह, रूपसिंह पुत्र सुमेरसिंह, विक्रमसिंह पुत्र जवारसिंह, शोबसिंह पुत्र जवारसिंह, हंसुकंवर पुत्री मानसिंह, जातियान राजपूत निवासीगण नया नारणावास तहसील व जिला जालोर व सुमेरसिंह पुत्र लादुसिंह, जाति राजपूत निवासी उथमण, जिला सिरोही हरगाह कि वादीगण राठौड मदनसिंह पुत्र हरीसिंहजी, गुलाब कँवर पत्नी मदन सिंहजी, अणसी कंवर पत्नी जवरसिंह, जमूकंवर पत्नि मंगलसिंह, जातियान राजपूत निवासीगण नया नारणावास तहसील व जिला जालोर ने आपके खिलाफ एक दावा बावत बंटवाडा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का दायर किया है, लिहाजा आपको बजरिये इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 22 माह 07 सन् 2026 को 10:00 बजे दिन के अदालत हाजा मे असालतन मारफत ऐसे वकील के जो हालात मुकदमें से वाकिफ किया गया हो व कुल अमूर अहम मुताल्लिके का जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसे कोई शख्स हो जो ऐसे सवालात का जवाब दे सके, हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमये दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईद मे इस्तकबाल करना चाहते हो उस दिन पेश करों।
आगाह कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर नही हुए तो दावा आपकी गैर हाजरी मे सुना व फैसला किया जावेगा।
बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत मे आज तारीख 15 माह 07 सन् 2026 को जारी किया गया।

मोहर अदालत — आज्ञा से-रीडर
सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) जालोर

**कार्यालय ग्राम पंचायत ऊण पंचायत समिति, जालोर**
क्रमांक / ग्राप / मनरेगा / 2026-27/41 — दिनांक : 09/07/26
**ई-निविदा सूचना संख्या 01 / 2026-27**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत ऊण के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना/वीबी जी रामजी योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर () अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं. इच्छुक विर्निमाता (ओ)/ विक्रेता (ओ)/ फर्मो / संवेदकों / आपूर्तिकर्ताओं से, जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है।

NIB No.- ZJR2627A0357 — UBN No.- ZJR2627GLOB00424
सरपंच — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ऊण, पंचायत समिति जालोर — ग्राम पंचायत ऊण, पंचायत समिति जालोर




## जैसलमेर के सीमा सुरक्षा बल के जवान की मौत, पिता ने दी मुखाग्नि

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** सड़क हादसे में घायल सीमा सुरक्षा बल के जवान मुकेश राठौड़ का 8 दिन चले इलाज के बाद निधन हो गया। उनकी बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई थी। हादसे में वे गंभीर घायल थे और उनका जोधपुर में इलाज चल रहा था। उनकी पार्थिव देह जैसलमेर के उनके पैतृक गांव नग्गा पहुंची । यहां 2 किमी लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें गांव के लोग उमड़ पड़े। भारत माता की जय और मुकेश अमर रहे के नारे भी लगाए। आगे उनकी पार्थिव देह और पीछे पूरा गांव पैदल चलता रहा। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई, उन्हें पिता ने मुखाग्नि दी।

परिजनों के अनुसार, पिछले साल ही उनकी शादी हुई थी। उनकी पत्नी भी गर्भवती हैं। जैसलमेर के नग्गा गांव निवासी सीमा सुरक्षा बल के जवान मुकेश कुमार राठौड़ सड़क हादसे में घायल हो गए थे। वे 29 जून को छुट्टी लेकर अपने गांव आए थे, जहां 8 जुलाई को मोकला के पास उनकी बाइक एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई थी। गंभीर हालत में पहले जैसलमेर और फिर जोधपुर रेफर किया गया था, जहां 16 जुलाई की शाम को अस्पताल में अंतिम सांस ली। 17 जुलाई को जवान का पार्थिव शरीर पैतृक गांव लाया गया था।